तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, रविवार 3 मई 2026

11 नगर पंचायत में श्रमिकों व कर्मचारियों का सम्मान



12 गैस आपूर्ति बाधित, उज्जवला रिफलिंग की बढ़ी मांग











**आवश्यकता है**
घरेलू कार्य हेतु युवक-युवतियों की आवश्यकता है।
संपर्क करें
प्रकाश मिश्रा
मो.नं. 79740-57828
आमातालाब रोड, गौरव पथ, एटीएम मशीन के सामने, धमतरी

## खबर संक्षेप

### जबर्रा नगरी रोड में दिखा दंतैल

**धमतरी।** महीनों बाद फिर एक दंतैल ने नगरी क्षेत्र के जंगल में दस्तक दे रही है। रिजर्व फॉरेस्ट के अधिकारी बीके लकड़ा ने बताया कि 30 अप्रैल को जबर्रा नगरी रोड में नगरी से 10 किमी की दूरी पर एक दंतैल हाथी को सहायक संचालक सीतानदी ने प्रत्यक्ष देखा है। नगरी, जबर्रा, चारगांव, तुमबहरा, मटियाबहरा के आसपास के गांवों को अलर्ट किया गया है। इस मार्ग में रात को सफर नहीं करने, एक दो की संख्या में जंगल जाने से बचने की मुनादी कराई गई है।



### प्रायोगिक परीक्षा 9 एवं 12 मई को

**अंवरी।** महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा (सिहाद) में बीएससी द्वितीय सेमेस्टर रसायन शास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 9 मई को सुबह 8 बजे से तथा बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर रसायन शास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 12 मई को सुबह 8 बजे से होगी। नियमित, अहमहाविद्यालयीन, भूतपूर्व छात्र प्रायोगिक फाइल, आवश्यक लेखन सामग्री के साथ परीक्षा प्रारम्भ होने के 30 मिनट पहले महाविद्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों। अनुपस्थित रहने पर स्वयं की जिम्मेदारी होगी।

पहली बार डिजिटल तरीके से जनगणना, स्वगणना में 2000 ने दी जानकारी

# घर-घर जाकर प्रगणक कर रहे मकानों का सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जनगणना के पहले चरण में प्रगणक घर घर-घूम कर मकानों का सत्यापन कर रहे हैं, किस भवन में लोग रहते हैं, किस भवन का व्यावसायिक और किसका औद्योगिक उपयोग हो रहा है। सितंबर तक मकानों का सत्यापन होगा। इसके बाद वास्तविक रूप से लोगों की गणना होगी।

जनगणना के पहले चरण की शुरूआत हो चुकी है। 15 अप्रैल से स्वगणना की प्रक्रिया चल रही थी जिसमें मोबाइल एप के जरिए जिले के 2000 लोगों ने अपने मकान की जानकारी दाखिल कर दी है, उनसे रेफरेंस आईडी लेकर फार्म दाखिल किया जाएगा। इसके साथ ही भवनों की नम्बरिंग भी की गई थी। जिले में जितने भी स्ट्रक्चर बने हैं, उन स्ट्रक्चरों को एक नम्बर दिया गया है। अब प्रगणक घर-घर घूमकर इन स्ट्रक्चरों की जानकारी ले रहे हैं, कौन से भवन ⏩ शेष पेज 10 पर



### कलेक्टर ने भरवाया पहला फार्म

जनगणना के पहले दिन ग्राम रुद्री में प्रगणक ने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से जनगणना संबंधी आवश्यक जानकारी लेकर उनका प्रथम फॉर्म भरा। कलेक्टर श्री मिश्रा ने जनगणना कार्य से जुड़े प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों से अपील करते हुए कहा कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व के निर्वहन हेतु पूरी तैयारी के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश की विकास योजनाओं और नीतियों की आधारशिला है। कलेक्टर ने प्रगणकों को नागरिकों से विनम्र संवाद स्थापित करने, गोपनीयता बनाए रखने तथा प्रत्येक जानकारी को सावधानीपूर्वक दर्ज करने के निर्देश दिए। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने सभी कर्मचारियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, पर्याप्त पानी पीने, धूप से बचाव के उपाय अपनाने तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### पहले चरण में 33 सवाल

जनगणना के पहले चरण में 33 सवालों का जवाब लिया जाएगा जिसमें भवन और मकान की जानकारी मांगी जाएगी। मकान की फर्श, दीवार और छत किस चीज से बनी है। मकान का उपयोग आवासीय, व्यावसायिक है या मिश्रित है। परिवार की पहचान और उसकी संरचना परिवार संख्या की भी जानकारी मांगी जाएगी। परिवार के मुखिया का नाम और लिंग के साथ उसकी सामाजिक श्रेणी एससी, एसटी और अन्य की भी जानकारी ली जाएगी। मकान स्वयं का है या किराये का है। मकान में कुल कितने कमरे हैं, परिवार में रहने वाली विवाहित जोड़ों की संख्या क्या है। मकान में पेयजल, बिजली, शौचालय, जल निकासी किचन, एलपीजी आदि की जानकारी ली जाएगी। मकान में कौन सी सुविधाएं और तकनीक उपलब्ध है। रेडियो, टेलीविजन, इंटरनेट, लैपटॉप, कंप्यूटर, टेलीफोन, मोबाइल फोन, वाहन, परिवार में मुख्य रूप से कौन सा अनाज का इस्तेमाल होता है।

# योजनाओं का लाभ दिलाने और समस्याओं के त्वरित निराकरण पर फोकस

- सुशासन तिहार 2026 : निगम क्षेत्र में 4 मई से जनसमस्या निवारण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार प्रदेशभर में सुशासन तिहार मनाने का निर्णय लिया गया है। इस पहल का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन तथा विकास कार्यों में गति लाना है।

इसी क्रम में नगर पालिक निगम क्षेत्र में 4 मई से 10 जून तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। मुख्यालय स्तर पर उपायुक्त पीसी सार्वा को नोडल अधिकारी तथा सहायक अभियंता महेंद्र सिंह जगत को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। क्लस्टरवार शिविरों के संचालन हेतु उप अभियंताओं एवं एआरआई की नियुक्ति भी की गई है।




### इन तिथियों में आयोजित होंगे शिविर

4 मई को नागदेव मंदिर के पास कलामंच हटकेशर, शीतलापारा, लालबगीचा, सुभाष नगर। 6 मई को सामुदायिक भवन (सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड, बठेना वार्ड)। 8 मई को नूतन स्कूल परिसर (सुंदरगंज, औद्योगिक वार्ड)। 11 मई को उमंग चौक सामुदायिक भवन (नवागांव, श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड)। 13 मई को नंदी चौक सामुदायिक भवन (जालमपुर, महंत घासीदास, कोष्टापारा वार्ड)। 15 मई को झूलेलाल धर्मशाला (सदर उत्तर, ब्राह्मण पारा, साल्हेवारपारा वार्ड)। 18 मई को सिंधी धर्मशाला (आमापारा, मकेश्वर वार्ड)। 20 मई को मणिकंचन के पास सामुदायिक भवन (विंध्यवासिनी, दानीटोला, महिमा सागर वार्ड)। 22 मई को शांति चौक कला मंच (जोधापुर, सोरिद वार्ड)। 28 मई को दुर्गा मंदिर कला मंच (स्वामी विवेकानंद, डाक बंगला वार्ड)। 1 जून को सत्संग भवन सामुदायिक भवन (रामपुर, गोकुलपुर, महात्मा गांधी वार्ड)। 3 जून को मराठा मंगल भवन (सदर दक्षिण, बांसपारा, मराठापारा वार्ड)। 5 जून को इंडोर स्टेडियम हाल (पोस्ट ऑफिस, डॉ. अंबेडकर, रामसागर पारा वार्ड)। 8 जून को नत्थू जी जगताप हाईस्कूल (रिसाईपारा पूर्व-पश्चिम, नयापारा, टिकरापारा वार्ड) एवं 10 जून को आदर्श कन्या स्कूल (बनियापारा, मोटर स्टैंड वार्ड) में शिविर लगेगा।

# मसानघाट के जंगल में अधेड़ की टंगिया मारकर हत्या, दूसरे को किया घायल

- शराब पीने के दौरान हुए विवाद ने लिया हिंसक रुप, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मसानघाट के जंगल में बैठकर शराब पीने के दौरान शुरु हुए विवाद के चलते युवक ने टंगिया मारकर अधेड़ की हत्या कर दी। वहीं दूसरे को गंभीर रुप से घायल कर अधमरा कर दिया। पुलिस ने आरोपी को टंगिया सहित गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार केरेगांव के मसानघाट जंगल में शुक्रवार को पेड़ के नीचे एक अधेड़ की खून से लथपथ लाश मिली थी। सूचना पर केरेगांव पुलिस मौके पर पहुंची और शव की पहचान नरेश यादव पिता झिग्नूराम उम्र 50 वर्ष ग्राम बम्हणबाहरा थाना केरेगांव निवासी के रूप में की। इधर तीन दिन से लापता अधेड़ की तलाश रहे परिजनों ने भी शव की पहचान नरेश यादव के रूप में की। अधेड़ के सिर व दोनों कनपटी पर टंगिया से धारदार हथियार के गंभीर चोट के निशान थे। इस पर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। इसी दौरान पुलिस को पता चला कि इस घटना का एक गवाह शिशुपाल मरकाम गंभीर रूप से घायल है जो घटना के समय मौके पर मौजूद था। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा और मौके पर मौजूद रहे प्रत्यदशियों का बयान लेकर थाना में धारा 105/1, 109/1, 396 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी पुलेश्वर यादव उर्फ सोनू पिता दिनेश उम्र 20 वर्ष ग्राम बाम्हणबाहरा थाना केरेगांव निवासी को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त टंगिया को जब्त कर पुलिस उसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई में जुट गई है।




घायल


आरोपी

### चार माह से मजदूरों को नहीं मिला भुगतान

- मजदूरी और मटेरियल मिलाकर करीब 35 करोड़ रुपए बकाया

**धमतरी।** मनरेगा के तहत मजदूरों को न तो काम मिल रहा है और न ही मजदूरी मिल रही है। मजदूरी और मटेरियल मिलाकर करीब 35 करोड़ रुपए बकाया है। मजदूरी भुगतान नहीं होने और काम नहीं मिलने से मजदूरों की आर्थिक स्थिति खराब हो रही है।

शासन ने मनरेगा की जगह वीबी जीरामजी योजना लांच की है, लेकिन अब तक इस नई योजना के तहत प्लानिंग नहीं की गई है, जिसके चलते योजना अभी धरातल पर नहीं उतर पाई है। जब तक नई योजना के तहत काम शुरू नहीं होता है तब तक मनरेगा के तहत काम देने का निर्णय लिया गया है, लेकिन मनरेगा भी अभी चालू नहीं हुआ है। उधर चने की कटाई मिंजाई के बाद मजदूर खाली हो गए हैं। लगातार ग्रामीण क्षेत्रों से रोजगार की डिमांड आ रही है। काम नहीं मिलने से मजदूरों की आर्थिक स्थिति ⏩ शेष पेज 10 पर

# तेज रफ्तार मारुति कार ने स्कूटी को मारी टक्कर, नर्स घायल

- छिपली मेघा रोड के पास की घटना, ड्राइवर फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

तेज रफ्तार मारूति कार ने स्कूटी सवार नर्स को जोरदार टक्टर मार दी। इससे नर्स गंभीर रूप से घायल हो गई।

मिली जानकारी अनुसार 2 मई शनिवार को विकासखंड मगरलोड के राजपुर उपस्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ नर्स रुद्राणी निषाद मेघा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मीटिंग में शामिल होने जा रही थी। लगभग 11 बजे के आसपास मेघा तरफ से आ रही तेज रफ्तार मारुति कार क्रमांक सीजी 23 एच 9312 ने स्कूटी को टक्कर मार दी। इससे नर्स रुद्राणी निषाद मौके पर ही बेहोश होकर घायल हो गई। उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड लाया गया जहां प्राथमिक इलाज के बाद सिर एवं पैर में गंभीर चोट होने के कारण जिला अस्पताल रिफर कर दिया। वहीं मौके से कार चालक फरार हो गया। कार मोहंदी के एक शिक्षक पुत्र की बताई जा रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा मेमो भेजने के बाद पुलिस दुर्घटना की जांच में जुट गई है। स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एन ओ 2650 एवं मारुति कार को अभी तक पुलिस थाना तक नहीं लाई है। पुलिस के अनुसार रिपोर्ट होने के बाद जांच में तेजी की जाएगी। वहीं मगरलोड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के विकासखंड ⏩ शेष पेज 10 पर



धान कटाई से पहले ही उजड़ी सालभर की मेहनत

# पचपेड़ी में आग से किसान की खड़ी फसल खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

भखारा तहसील के ग्राम पचपेड़ी में शनिवार सुबह करीब 11 बजे एक किसान की खड़ी धान की फसल आग की चपेट में आकर पूरी तरह बर्बाद हो गई। कटाई से ठीक पहले हुए इस हादसे ने किसान की सालभर की मेहनत पर पानी फेर दिया। आगजनी में करीब डेढ़ से पौने दो एकड़ तक की फसल जल गई, जिससे लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है।

मिली जानकारी के अनुसार किसान मनीष कुमार साहू पिता स्व. खेमलाल साहू शनिवार की सुबह अपनी मां उर्वशी साहू के साथ खेत पहुंचे थे। धान की फसल पूरी तरह पक चुकी थी और हार्वेस्टर से कटाई की तैयारी की जा रही थी। सुबह लगभग 10 बजे तक उन्होंने खेत की मेड़ों और किनारों की सफाई की, ताकि मशीन आसानी से चल सके। इसके बाद वे दोपहर का भोजन करने घर चले गए।



### घर पर थे तभी लगी आग, मुआवजे की मांग

पीड़ित किसान मनीष साहू ने बताया कि करीब 11 बजे के आसपास मछलीमार खार (पचपेड़ी-भेलवाकूदा मार्ग) स्थित उनके खेत से धुआं और आग की लपटें उठती दिखाई दीं। सूचना मिलते ही किसान और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आग तेजी से फैल चुकी थी। इस घटना में उसे करीब एक लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। कर्ज और मेहनत से तैयार की गई फसल के नष्ट होने से परिवार पर आर्थिक संकट आ गया है। उन्होंने शासन और राजस्व विभाग से नुकसान का सर्वे कर जल्द उचित मुआवजा देने की मांग की है।

### शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका

ग्रामीणों और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन में शॉर्ट सर्किट हुआ। बताया जा रहा है कि तार पर एक पक्षी के बैठने से चिंगारी निकली, जो नीचे सूखी धान की फसल पर गिर गई। तेज धूप और सूखे माहौल के कारण आग ने देखते ही देखते पूरे खेत को अपनी चपेट में ले लिया।

### ग्रामीणों ने मिलकर बुझाई आग

घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। नलकूपों से पानी लाकर और पेड़ों की टहनियों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया गया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू तो पा लिया गया, लेकिन तब तक फसल का बड़ा हिस्सा जलकर राख हो चुका था।



## खबर संक्षेप

### ओमलता को 96.83 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ



**जीजामगांव।** ग्राम बकोरी की छात्रा ओमलता साहू पिता फलेन्द्र साहू ने कक्षा दसवीं में 96.83 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण हुई। ओमलता प्रयास विद्यालय बिलासपुर की छात्रा है। उनके पिता फलेन्द्र कुमार साहू सामान्य कृषक हैं। बेटी की सफलता से परिवार सहित गांव में भी हर्ष का माहौल है।

### हर्षिता को पांचवीं में 94.50 प्रतिशत अंक मिले



**अंवरी।** आर्यावर्त विद्या निकेतन सेमरा बी की कक्षा पांचवीं की छात्रा हर्षिता पिता महेंद्र साहू ने 94.50 अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर प्रधानपाठक आनंद टंडन एवं शिक्षकों ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### 12वीं में डेकेश ने किया टॉप



डेकेश साहू



केनैना देवांगन



निधि साहू



संध्या साहू



डोमेन्द्र साहू



पूर्वा सिन्हा

**धमतरी।** शारदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोटियाडीह में कक्षा बारहवीं में 11 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी एवं 3 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। प्रथम डेकेश साहू 91.8 प्रतिशत, द्वितीय केनैना देवांगन 86 प्रतिशत एवं तृतीय निधि साहू 83 प्रतिशत रहे। कक्षा 10वीं में प्रथम संध्या साहू 85 प्रतिशत, द्वितीय डोमेन्द्र कुमार साहू 74 प्रतिशत एवं तृतीय पूर्वा सिन्हा 73 प्रतिशत रहे। इस सफलता पर समिति के सचिव ओमप्रकाश साहू, प्राचार्या वी साहू, बीपी साहू, गोपी पटेल, रविकांत देवांगन, मोनिका यादव, गीतांजलि साहू, लीना साहू, हेमलता सेन, हेमलता ध्रुव एवं मोनिका साहू ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### घर-घर जाकर प्रगणक कर रहे मकानों ...

का व्यावसायिक उपयोग हो रहा है, कौन भवन का व्यावसायिक और औद्योगिक उपयोग हो रहा है। उल्लेखनीय है कि जनगणना 2027 अंतर्गत जिले के 627 ग्राम एवं 140 शहरी वार्डों को शामिल किया गया है। पूरे जिले में 1439 हाउस लिस्टिंग इकाईयों का सर्वे किया जाएगा। इस कार्य के लिए 1247 प्रगणक तैनात किए गए हैं तथा 126 को रिजर्व में रखा गया है, जिससे कुल प्रगणकों की संख्या 1373 है। इसी प्रकार 216 पर्यवेक्षक कार्यरत हैं और 28 रिजर्व में हैं, जिनकी कुल संख्या 244 है। इस प्रकार जनगणना कार्य के संचालन हेतु कुल 1617 कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

### तेज रफ्तार मारुति कार ने स्कूटी को मारी...

चिकित्सा अधिकारी डॉ शारदा ठाकुर ने बताया कि कार की टक्कर से स्टाफ नर्स रुद्राणी निषाद घायल हुई हैं। उसे जिला अस्पताल रिफर किया गया है। उनकी स्कूटी चकनाचूर हो गई है।

### चार माह से मजदूरों को नहीं मिला भुगतान

खराब हो रही है। जानकारी के अनुसार पिछले चार माह से उन्हें पुराने कार्यों का भुगतान भी नहीं मिला है। जानकारी के अनुसार जनवरी माह से मजदूरों को भुगतान नहीं किया गया है। करीब 30 करोड़ की मजदूरी और करीब 5 करोड़ रुपए की सामग्री भुगतान रूका हुआ है। यही नहीं मनरेगा कर्मचारियों को वेतन भी जारी नहीं किया गया है।

# सशिमं मंदरौद में परीक्षा परिणाम घोषित, मेधावी छात्र हुए सम्मानित

## आधुनिक एवं मनोरंजक तरीके से शिक्षा देने स्कूल को स्मार्ट टीवी भेंट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

सरस्वती शिशु मंदिर मंदरौद में 30 अप्रैल को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कक्षा अरुण से चतुर्थ एवं कक्षा षष्ठ से सप्तम तक के विद्यार्थियों के परिणाम जारी किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयकर अधिकारी टुमनचंद साहू तथा विशिष्ट अतिथि व्यवसायी मोहनलाल साहू थे।

मुख्य अतिथि श्री साहू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई को कभी बोझ नहीं समझना चाहिए, बल्कि आनंद और



पूरी लगन के साथ अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने विद्यालय को स्मार्ट टीवी भेंट करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को आधुनिक एवं मनोरंजक तरीके से शिक्षा प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।इस दौरान उन्होंने सभी कक्षाओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि मोहनलाल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जिनका परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नहीं आया है, वे आत्मबल बढ़ाकर भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करें।

इस दौरान प्राचार्य टीकाराम साहू समेत विभिन्न कक्षाओं के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी समक्ष, चित्तांश, दिव्या, डिम्पल, जानवी, प्रिंसी, भूमिक्षा साहू, काव्या सोनकर, डुबानी देवांगन, ऋषभ, ऐश्वर्या कौशल, तन्मय निषाद, कुंजल साहू, सानिया निषाद, लोकेंद्र सिन्हा, गुरमेन्द्र प्रजापति, ओम सिन्हा एवं गोवर्धन ठाकुर शामिल रहे।

## किसानों के लिए बड़ा फैसला : अब ऋण संबंधी कार्यों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा

# 64 करोड़ से बनेंगे 200-200 मीट्रिक टन क्षमता वाले 25 'स्मार्ट' गोदाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

छत्तीसगढ़ के सहकारी ढांचे को आधुनिक बनाने और अन्नदाताओं को भंडारण की किल्लत से निजात दिलाने के लिए राज्य सरकार ने मिशन मोड पर काम शुरू कर दिया है।



जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा की सक्रियता और अपेक्स बैंक की तत्परता से नाबार्ड सहायता योजना 2025 के तहत 63.9 करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि स्वीकृत की गई है। इस




निवेश से न केवल धान का सुरक्षित रखरखाव होगा, बल्कि समितियों का अपना सर्वसुविधायुक्त कार्यालय भी होगा।

योजना के प्रथम चरण में धमतरी, रायपुर, महासमुंद, गरियाबंद, बलौदाबाजार और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलों को शामिल किया गया है। चिन्हित 25 समितियों में से प्रत्येक को 25.56 लाख रुपये का बजट आवंटित किया गया है। इससे धमतरी के सिंगपुर-मड़ेली से लेकर रायपुर के खरोरा-अभनपुर और गरियाबंद के मैनपुर जैसे दूरस्थ अंचलों तक सहकारी तंत्र को नई ऑक्सीजन मिलेगी। स्वीकृत परियोजना के तहत हर समिति में 200 मीट्रिक टन क्षमता का गोदाम बनाया जाएगा। इसका सीधा लाभ खरीफ और रबी सीजन में खाद-बीज के अग्रिम भंडारण में मिलेगा। अधिकारियों का कहना है कि अब खुले में धान भीगने या भंडारण की कमी के कारण उपार्जन में होने वाली देरी जैसी समस्याओं का स्थाई समाधान हो सकेगा। यह कदम ग्रामीण विकास की दिशा में एक गेम-चेंजर साबित होगा।

### पारदर्शिता और सुविधा पर जोर

इस निर्माण कार्य की खास बात यह है कि इसमें गोदाम के साथ कार्यालय भी संलग्न होगा। इससे किसानों को ऋण संबंधी कार्यों, पंजीयन और अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। बैंक अध्यक्ष निरंजन सिन्हा के अनुसार मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप सहकारिता को सीधे किसानों की समृद्धि से जोड़ने के लिए यह स्वीकृति एक मील का पत्थर है, जिसका काम जल्द ही धरातल पर शुरू कर दिया जाएगा।

## श्रमिक दिवस पर कांग्रेसियों ने बोरे बासी का लुत्फ लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

जिला कांग्रेस कमेटी सचिव भरत निर्मलकर ने श्रमिकों और आमजन की परंपरा से जुड़े बोरे-बासी का आनंद लेकर स्थानीय संस्कृति और मेहनतकश वर्ग के प्रति सम्मान प्रकट किया। उन्होंने इस पारंपरिक भोजन को ग्रहण करते हुए कहा कि बोरे-बासी केवल भोजन नहीं, बल्कि हमारी जड़ों और ग्रामीण जीवनशैली की पहचान है। छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों में बोरे-बासी का विशेष महत्व है, जो



मेहनत करने वाले लोगों को ऊर्जा प्रदान करता है। गर्मी के मौसम में यह भोजन शरीर को ठंडक देता है और स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी माना जाता है। श्री निर्मलकर ने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि हमें अपनी पारंपरिक खान-पान की संस्कृति को सहेजकर रखना चाहिए।

इस दौरान पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव, पेमन स्वर्णबेर, हेमू साहू वरिष्ठ कांग्रेसी भूषण साहू भी उपस्थित रहे, जिन्होंने सामूहिक रूप से बोरे-बासी का आनंद लिया।

## श्रमिकों की मेहनत से देश एवं समाज का विकास : परमेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी





श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रीमती परमेश्वरी साहू पूर्व सभापति जनपद पंचायत कुरुद ने कहा कि श्रमिक समाज की रीढ़ होते हैं, जिनकी मेहनत और समर्पण से देश एवं समाज का विकास संभव हो पाता है। देश और समाज की प्रगति की असली नींव हमारे मेहनतकश मजदूरों के पसीने और परिश्रम पर टिकी है। बोरे बासी जैसे पारंपरिक त्योहार हमारी छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपराओं को सहेजने का अवसर प्रदान करते हैं साथ ही यह श्रमशील जीवनशैली का प्रतीक है, जो हमें सादगी मेहनत और आत्म सम्मान का संदेश देती है। मजदूर दिवस हमें श्रमिकों के योगदान को सम्मान देने की प्रेरणा देता है।

## सिलौटी में निःशुल्क ग्रीष्मकालीन कोचिंग क्लास की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

परिक्षेत्र साहू समाज तर्रागोंदी कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षिक विकास को ध्यान में रखते हुए 1 मई से निःशुल्क ग्रीष्मकालीन शैक्षिक एवं करियर मार्गदर्शन शिविर की शुरुआत की गई है। यह शिविर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी में प्रतिदिन सुबह 7:30 बजे से 10 बजे तक संचालित होगा।

■ विद्यार्थियों को मिलेगा करियर मार्गदर्शन

शिविर में विषय विशेषज्ञों द्वारा कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों का अध्यापन कराया जाएगा। साथ ही नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, प्रयास एवं प्रतिभा खोज परीक्षा की विशेष तैयारी भी कराई जाएगी। विद्यार्थियों को उनके भविष्य को लेकर उचित दिशा देने के लिए करियर संबंधी मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार शिविर में केवल शैक्षणिक गतिविधियों तक ही सीमित न रहकर नैतिक शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वस्थ जीवन शैली, जीवन विद्या, चेतना विकास, मूल्य शिक्षा, धर्म-अध्यात्म, सेवा और संस्कार जैसे विषयों पर साप्ताहिक कक्षाएं भी आयोजित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा समय-समय पर मार्गदर्शन एवं प्रेरणात्मक प्रबोधन सत्र भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल सके।

समाजसेवी एवं शिक्षक गिरधारी साहू ने क्षेत्र के सभी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों से शिविर में शामिल होकर इसका लाभ लेने की अपील की है।

## छाती स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुरी

स्व. भूपालमणि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम छाती में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। प्राचार्य सीडी रात्रे ने अतिथियों, शाला विकास समिति के सदस्यों एवं पालकों का स्वागत किया। शाला विकास समिति के अध्यक्ष राजेश चंद्राकर ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की। इस दौरान टीआर साहू के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन व्रत रखा गया।

मिडिल स्कूल प्रभारी ने उत्तीर्ण हुए बच्चों को निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी। कक्षा छठवीं, कक्षा सातवीं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।





प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों को अपेक्षाकृत कम नंबर आने पर हताश नहीं होना चाहिए बल्कि आगे कड़ी मेहनत के साथ तैयारी करना चाहिए। शाला विकास समिति अध्यक्ष राजेश चंद्राकर ने कहा कि शिक्षा का अर्थ केवल नंबर लाना नहीं होता। वह तो आकलन मात्र है। शिक्षित होने का वास्तविक अर्थ शिक्षा को अपने जीवन में धारण करना होता है।

मौके पर रमेश यादव उपसरपंच, विधायक प्रतिनिधि पवन बघेल, सांसद प्रतिनिधि माहेश्वरी चंद्राकर, शिव चंद्राकर, दूदेश्वर यदु, राजेंद्र चंद्राकर, मोनार्क चंद्राकर, शिक्षकगण सेवक राम खरे, भूपेन्द्र साहू, कुंभकार नागवंशी, अंबालिका साहू, डीएल साहू, ममता ठाकुर, फलदेवी साहू, कल्पना हुखरे, श्याम कंवर, सुमन साहू, विनीता सिन्हा उपस्थित थे।

## हरिभूमि के दखल के बाद अड़ियल प्रधान आरक्षक ने लिया आवेदन

# सहयोग की उम्मीद से थाने पहुंचा किसान उल्टा हुआ परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

जिले के भखारा थाने से पुलिसिया कार्यशैली को कलंकित करने वाला मामला सामने आया है। जहां एक तरफ सरकार किसानों के हित की बात करती है, वहीं दूसरी तरफ तंत्र की संवेदनहीनता ने एक गरीब किसान के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम किया है। फसल जलने से टूटे किसान मनीष साहू के साथ पुलिस ने वह व्यवहार किया जिसकी उम्मीद किसी सभ्य समाज में नहीं की जा सकती।

ग्राम पचपेड़ी निवासी किसान मनीष साहू, जिसकी मेहनत की फसल शनिवार को जलकर राख




हो गई थी। वह न्याय और कानूनी औपचारिकता पूरी करने की उम्मीद लिए भखारा थाने पहुंचा था। वहां पदस्थ प्रधान आरक्षक खिनेश साहू ने पीड़ित की मदद करने के बजाय उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरक्षक ने किसान पर ही उलटे सवालों की झड़ी लगा दी और राजस्व व बिजली विभाग के चक्कर काटने की शर्त रख दी। आरक्षक ने संवेदनहीनता की हदें पार करते हुए यहां तक कह दिया कि विद्युत विभाग को खंभा लगाने के पैसे दिए थे क्या जो मुआवजा लेने आए हो?

जब पीड़ित ने अपनी व्यथा हरिभूमि संवाददाता को सुनाई और फोन पर आरक्षक से बात करवाई, तो उन्होंने यहां तक कह दिया कि तुम ही दे दो मुआवजा। हालांकि, जैसे ही उसे मामला बढ़ता दिखा और यह स्पष्ट हुआ कि वह सीधे मीडिया से मुखातिब है, उसने तुरंत सफाई देते हुए कहा कि वह संवाददाता को बिजली विभाग का कर्मचारी समझ बैठा था। बाद में नानुकुर करने के बाद अन्ततः आवेदन स्वीकार किया। हमारे संवाददाता ने तत्काल एसडीओपी रागिनी मिश्रा को घटनाक्रम से अवगत कराया।

### आम जनता से बदतमीजी बर्दाश्त नहीं : एसडीओपी

एसडीओपी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि आम जनता से बदतमीजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संबंधित आरक्षक के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने एक बार फिर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं कि यदि मीडिया हस्तक्षेप न करे, तो क्या किसी गरीब किसान की थाने में सुनवाई संभव है?

## अंचल की खबरें

### पूर्व पार्षद के घर से हुई जनगणना की शुरुआत



**अंवरी।** भारत सरकार एवं राष्ट्रीय जनगणना आयोग के निर्देशानुसार 1 मई से जनगणना की शुरुआत की गई। प्रथम फेस में मकानों का सूचीकरण एवं अद्यतन जानकारी प्राप्त की गई। इसी तारतम्य में 1 मई को भखारा नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 4 के पूर्व पार्षद सोमनाथ साहू के निवास से जनगणना की शुरुआज की गई। मकानों एवं जनगणना परिवार से जुड़े 32 प्रश्नों के आधार पर मकानों का सूचीकरण एवं गणना की गई। जनगणना मोबाइल एप्स के माध्यम से की जा रही है। इस दौरान पूर्व पार्षद सोमनाथ साहू, सुपरवाइजर आशीष गौर, प्रगणकगण मिकेश कुमार साहू, खिलावन साहू, जितेंद्र कुमार साहू उपस्थित थे।

### वन चौकीदार टेकराम को दी गई विदाई



**नगरी।** जिले के बोराई परिक्षेत्र में वन विभाग के चौकीदार अनुभवी टेकराम को 62 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर विभागीय कर्मचारियों ने उनके लंबे सेवाकाल, ईमानदारी और समर्पण की सराहना की। सहायक परिक्षेत्र अधिकारी दिनेश साहू सहित मनोज खरे, छबि नारायण साहू, पवन देव, शिवशंकर पटेल, हेमंत पुरी और टुपेश सोम सहित अन्य कर्मचारियों ने टेकराम के कार्यों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने वर्षों तक निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया और विभाग के लिए एक मिसाल कायम की। सहकर्मियों ने टेकराम को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके स्वस्थ और सुखद भविष्य की कामना की। कर्मचारियों ने उनके साथ बिताए गए अनुभवों को साझा किया। अपने संबोधन में टेकराम ने कहा कि विभाग ने उनके कार्यकाल को यादगार बनाया। उन्होंने सभी से इसी तरह निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने की अपील की।

### भखारा स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**अंवरी।** शासकीय माध्यमिक शाला भखारा का वार्षिक परीक्षा शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मेहत्तर राम साहू की उपस्थिति में घोषित किया गया। 6वीं में प्रथम भावना साहू 90.8 प्रतिशत, भूमि साहू 89.57 प्रतिशत, तृतीय भूमिका 87.53 प्रतिशत रहे। कक्षा 7वीं में प्रथम तुषार चक्रधारी 85 प्रतिशत, रुपाली 84.66 प्रतिशत, तृतीय यश कुमार 83.83 प्रतिशत रहे। मौके पर प्रधानपाठक उषा साहू, अमजद खान, मोहित कुमार साहू, मिकेश कुमार, रुद्र प्रकाश पुरी सहित बड़ी संख्या में छात्र एवं पालकगण उपस्थित थे।

### शाउमावि राजपुर का परिणाम सराहनीय रहा



■ कक्षा दसवीं में विश्वास दास, बारहवीं में तेजेश्वर प्रथम

**नगरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजपुर का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। हाईस्कूल का परिणाम 100 एवं कक्षा 12वीं का परिणाम 83.33 प्रतिशत रहा। इस तरह बोर्ड परीक्षा समग्र परिणाम 92 फीसदी रहा। कक्षा 12वीं में प्रथम तेजेश्वर पिता ओमप्रकाश कोसरिया 82.4 प्रतिशत, द्वितीय दुर्गा पिता संतोष निषाद 80.6प्रतिशत, तृतीय विकास कुमार पिता देवन ध्रुव 69.4 प्रतिशत, कक्षा 12वीं में 9 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी तथा 16 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा 10वीं में प्रथम विश्वास पिता ओंकार दास 90.6 प्रतिशत, द्वितीय भोजराज पिता जितेंद्र कुमार 87 प्रतिशत, तृतीय आरती पिता राजेंद्र कुमार 86.33 प्रतिशत रहे। कक्षा 10वीं में 18 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी तथा 9 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष निषाद, सरपंच उत्तम नेताम, उपसरपंच जयकृष्णा साहू, ग्राम पटेल गिरधर वट्टी, बीआर नागेश, पूर्व सरपंच सरिता ध्रुव, प्राचार्य आरके टंडन, वरिष्ठ व्याख्याता डोमार सिंह ध्रुव, आर कुंजाम, एमके यदु, एमएल निषाद समेत स्कूल स्टाफ ने छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की है।

### हाईस्कूल बोड़रा स का परीक्षा परिणाम घोषित

**धमतरी।** शासकीय हाईस्कूल बोड़रा स का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा नवमी का परीक्षा फल 93 प्रतिशत रहा। प्रथम कुमारी डाली साहू, द्वितीय ओजस्वी साहू एवं तृतीय देवेन्द्र कुमार साहू रहे। कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 83.3 प्रतिशत रहा। प्रथम नामदेव पिता हेमन्त साहू, द्वितीय नीलम पिता प्रेमशंकर यादव एवं तृतीय देविका पिता चतुर साहू रहे। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष हंसराज साहू, सरपंच श्रीमती सुमन प्रीतम साहू, नेतराम साहू, सेवकराम साहू, प्राचार्य जेआर कुर्रे, व्याख्यातागण चमनलाल साहू, महेन्द्र जोशी, श्रीमती वर्षा शार्दुल, पी कुंजाम, जेके कोसरे एवं गणमान्य नागरिकों ने सफल छात्रों को बधाई दी एवं असफल छात्रों को अच्छी तैयारी कर परीक्षा में बैठने हेतु प्रेरित किया। निराश न होने की सलाह दी।

## खबर संक्षेप



### पत्ते पर उकेरी भगवान बुद्ध की आकृति

**नगरी।** ग्राम मोदे निवासी लीफ आर्टिस्ट विकास शांडिल्य ने बुद्ध पूर्णिमा पर पत्ते पर भगवान बुद्ध की आकृति उकेरी है जिसमें उनके माथे पर तिलक के निशान हैं।

### आनंदमूर्ति का 105 वां आविर्भाव दिवस मना



**धमतरी।** आनंद मार्ग स्कूल में आनंद मार्ग प्रचारक संघ धमतरी द्वारा श्री श्री आनंदमूर्ति का 105 वां आविर्भाव दिवस 1 मई को मनाया गया। सुबह 6.07 बजे मंगल ध्वनि, जयघोष और आतिशबाजी के साथ भक्तों ने आविर्भाव दिवस प्रारम्भ किया। धमतरी डायसिस के भुक्ति कमिटी के सदस्य अर्जुन नागवंशी ने बताया कि आनंदमूर्ति जी का आविर्भाव इस धरती के लिए कल्याणकारी है। उन्होंने इस धरती के कण-कण को भक्ति के रस में डुबोने तथा हर एक हृदय में अनंत ईश्वर के प्रति प्रेम जगाने के लिए बेहद उन्नत योग-साधना व जीवन पद्धति समाज को दिया है। जिले से आए भक्तगणों ने प्रभात संगीत व कीर्तन गाकर इस उत्सव की शुरुआत की तथा योग साधना कर इस उत्सव का आनंद उठाया। इस अवसर पर लखन लाल पथिक, डॉ. सीजी गोस्वामी, उग्रसेन पुरी गोस्वामी, पंकज चौहान, बलराम साहू, पारसराम देवांगन, पवन साहू, डॉ. रुपेश साहू, मधु माधव देव, नंदकुमार साहू, राजकुमार, देवेंद्र साहू तथा बड़ी संख्या में मार्गी महिलाएं व बच्चे सम्मिलित हुए।

### खरतुली की दो छात्राएं जिला स्तरीय टाप 10 की सूची में शामिल




**धमतरी।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा घोषित कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खरतुली का परीक्षा परिणाम 94.73 प्रतिशत रहा। विज्ञान संकाय की छात्रा तानिया साहू ने जीव विज्ञान विषय में 94.6 प्रतिशत के साथ शाला में प्रथम स्थान तथा तेजस्विनी साहू ने गणित विषय में 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए जिला स्तरीय टाप 10 की सूची में स्थान बनाया। कक्षा 12वीं में कुल दर्ज 57 छात्रों में से 54 छात्र उत्तीर्ण हुए, जिसमें 26 प्रथम श्रेणी एवं 26 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में दर्ज कुल 31 छात्रों में से 20 प्रथम श्रेणी तथा 9 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। हाईस्कूल परीक्षा में हर्षकुमार साहू 93.83 प्रतिशत केसाथ प्रथम तथा सृष्टि पटेल 88. 83 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। प्राचार्य टीआर नागवंशी, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रोहित साहू, सरपंच उमेश्वर नेताम, व्याख्याता डॉ भूषणलाल चंद्राकर, अमितकुमार महोबे, मोनिका गोस्वामी, यशोदा सिन्हा, सतीश कुमार तुर्रे, आकाश गिरी गोस्वामी, मंजूलता साहू, सत्यभामा जायसवाल समेत स्कूल स्टाफ ने हर्ष जताया है।

# मकान, संपत्ति टैक्स के नाम पर क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में लूट?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

ग्राम पंचायत में पदाधिकारियों द्वारा मकान, संपत्ति, धंधा ,जल, स्वच्छता, विद्युत अन्य टैक्स वसूली के नाम पर लोगों को खुलेआम लूटा जा रहा है। टैक्स नहीं जमा करने पर राशन नहीं देने की धमकी से लोग भयभीत हैं।

ग्राम पंचायतों से प्राप्त जानकारी अनुसार सामान्य मकान क्षेत्रफल एरिया 1 लाख व्हेलवेशन पर 200-400, स्वच्छता पर 120, विद्युत पर 50 रुपए निर्धारित है। ग्राम पंचायत स्तर पर प्रत्येक राशन कार्ड धारी पर सभी टैक्स की वसूली की जा रही है। गांव में मूलभूत सुविधा नाम मात्र की है। गरीब, मजदूर सामान्य मिट्टी के मकान में निवास करने वालों से राशन कार्ड के हिसाब से सभी टैक्स की वसूली हो रही है। गांव में कचरों का ढेर लगा हुआ है। नाली में गंदगी से असहनीय बदबू से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। गांव में विद्युत की रोशनी लालटेन युग की याद दिलाती है। पेयजल भगवान भरोसा है। निस्तारी समस्या विकराल हो गई है।

**टैक्स नहीं तो राशन नहीं की धमकी से लोगों में भय**




खाद्यान्न सुरक्षा योजना के तहत प्रत्येक छोटे-बड़े परिवार को केंद्र सरकार द्वारा खाद्यान्न का अधिकार प्रदान किया जा रहा है। राशन परिवार पालन के लिए आवश्यक है। शासन द्वारा राशन कार्ड के माध्यम से परिवार एवं व्यक्ति को राशन प्राप्त करने का साधन प्रकिया बनाई गई है। ग्राम पंचायत ने राशन कार्ड धारी से टैक्स वसूली करने का सस्ता साधन बना लिया है। टैक्स जमा नहीं करने वाले राशन कार्ड धारी को राशन नहीं मिलने की धमकी दी जा रही है। पंचायत का यहां व्यवहार जनहित के लिए नुकसानदेह है। टैक्स वसूली और राशन दोनों अलग-अलग व्यवस्था है। राशन नहीं मिलने के भय से लोग सभी टैक्स कर्ज लेकर जमा कर रहे हैं। ग्रामीण स्तर पर छोटे-छोटे मिट्टी की कच्चे मकान में एक-एक कमरे में निवासरत राशन कार्ड धारी से पूरे मकान एवं संपत्ति सहित सभी टैक्स लिया जा रहा है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने अतिशीघ्र शासन प्रशासन से इस पर रोकथाम करने की मांग की है।

### नगर पंचायत हमेशा कर्मचारियों के हित की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध : ज्योति

# नपं भखारा में श्रमिकों व कर्मचारियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी




अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर नगर पंचायत में श्रमिकों एवं कर्मचारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान सभी कर्मचारियों का गुलाल, तिलक एवं नारियल भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने श्रमिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन देते हुए कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया।


अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन ने कहा कि श्रमिक और कर्मचारी नगर की व्यवस्था की रीढ़ हैं। उनके परिश्रम और समर्पण से ही नगर का विकास संभव हो पाता है।

उन्होंने कहा कि नगर पंचायत हमेशा कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और उनकी हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। सीएमओ हरि पावरिया ने कहा कि कर्मचारियों की मेहनत और अनुशासन से ही प्रशासनिक कार्य सुचारू रूप से संचालित होते हैं। उन्होंने कर्मचारियों से समर्पण के साथ कार्य करते रहने का आह्वान किया और उनकी समस्याओं के समाधान हेतु हरसंभव प्रयास करने का भरोसा दिलाया।

विधायक प्रतिनिधि हरख जैन ने कहा कि श्रमिक वर्ग समाज की नींव है। उनके बिना विकास की कल्पना अधूरी है। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ कर्मचारियों तक पहुंचे, इसके लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं और आगे भी कर्मचारियों के हित में कार्य जारी रहेंगे। उपाध्यक्ष विष्णु साहू ने कहा कि कर्मचारियों के सम्मान से ही एक सकारात्मक कार्य वातावरण का निर्माण होता है। उन्होंने सभी कर्मचारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में सभी कर्मचारियों का मुंह मीठा कराया गया। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर प्रभारीगण शोभा साहू, कमलेश साहू,चंद्रप्रकाश साहू, शेखर सिन्हा, देवेंद्र कंवर, संजय साहू सहित सफाई कर्मी उपस्थित थे।

## छग में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण संकल्प प्रस्तुत



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के विशेष सत्र में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के संकल्प प्रस्तुत किए जाने के बाद भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से विधानसभा स्थित उनके कार्यालय में सौजन्य भेंट की।

इस अवसर पर रंजना साहू ने कहा कि नारी शक्ति किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत होती है। जब महिलाओं को सम्मान, अवसर और नेतृत्व मिलता है, तभी समाज और देश सही मायनों में आगे बढ़ता है। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह केवल एक कानून नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी को अधिकार, सम्मान और निर्णय लेने की शक्ति प्रदान करने का महत्वपूर्ण संकल्प है। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओं के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं विशेषकर महतारी वंदन योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल महिलाओं के उत्थान के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# 12वीं में पायल और 10वीं में पवन अव्वल

- परखंदा स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट, 39 खिलाड़ियों को मिले 10-10 अंक बोनस



**कुरुद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परखंदा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 10वीं में कुल 55 विद्यार्थियों में से 46 उत्तीर्ण, 4 अनुत्तीर्ण तथा 5 पूरक रहे। परीक्षा परिणाम 84 प्रतिशत रहा। पवन कुमार निषाद ने 93.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय लक्ष्मी सतनामी एवं डाली साहू (87.5 प्रतिशत) रहे, जबकि कोमल देवांगन ने 86.6 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं में 33 में से 31 छात्र उत्तीर्ण हुए तथा 3 को पूरक मिला। परिणाम 91 प्रतिशत रहा। पायल यादव ने 89 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय पूजा साहू (79 प्रतिशत) तथा तृतीय शुभम देवांगन (78 प्रतिशत) रहे। विद्यालय के 39 खिलाड़ियों को खेल उपलब्धियों के आधार पर 10 बोनस अंक प्रदान किए गए, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। विद्यालय प्रबंधन समिति ने इस सफलता का श्रेय शिक्षकों, शिक्षा निगरानी समिति व अभिभावकों को दिया। वरिष्ठ व्याख्याता कुमार सेन ने लक्ष्य आधारित मेहनत पर जोर दिया। प्राचार्य ने सभी सहयोगियों का आभार जताते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# वंदेमातरम इंग्लिश मीडियम स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

- दसवीं में मानसी प्रथम व द्वितीय डेमेश्वरी रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



वंदेमातरम इंग्लिश मीडियम स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। विद्यालय का परीक्षाफल 99 प्रतिशत रहा। कक्षा नर्सरी से प्रथम स्थान पर तीन विद्यार्थी गर्वित कुमार साहू 100 प्रतिशत, चित्रांशी साहू 100 प्रतिशत एवं मनु श्री साहू 100 प्रतिशत रहे। द्वितीय फलेश साहू 99.33 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान पर मोक्ष हिरवानी 99 प्रतिशत रहे।

कक्षा केजी -1 से प्रथम स्थान पर तीन विद्यार्थी प्रियांशी सारसर 100 प्रतिशत, थिया साहू 100 प्रतिशत एवं मोक्षिता सोनकर 99.67, द्वितीय सुहानी साहू 99.67 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान पर तीन विद्यार्थी गौरव साहू 99.33 प्रतिशत एवं वैभव सोनकर ने 99.33 प्रतिशत, रोशनी साहू 99.33 प्रतिशत के साथ अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया।

कक्षा केजी 2 में प्रथम दो विद्यार्थी दृशा रिगरी 100 प्रतिशत एवं वरुण देवांगन 100 प्रतिशत रहे। द्वितीय अमन सिंह चौहान 99.67 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान पर दो विद्यार्थी उमंग सोनकर 99.33 प्रतिशत, यशवी सोनकर 99.33 प्रतिशत रहे।

क्लास 1 से प्रथम स्थान पर जान्हवी साहू 100 प्रतिशत, द्वितीय विहान देवांगन 97.66 प्रतिशत, तृतीय स्थान पर तीन विद्यार्थी मोक्षिता 97.39 प्रतिशत, मुस्कान सोनकर 99.39 प्रतिशत एवं रागिनी यादव 99.33 प्रतिशत रहे।

क्लास 2 से निधि सोनकर 100 प्रतिशत प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान सुजल साहू 99.33 प्रतिशत , तृतीय स्थान पर दिव्या पवार 99 प्रतिशत के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन पर रहे।

कक्षा तीसरी में प्रथम स्थान पर परी रिगरी 98.33प्रतिशत, द्वितीय धात्री साहू 97.66 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान पर दो विद्यार्थी तुषार सोनकर 96.33 प्रतिशत एवं सौभाग्या बंग 96.33प्रतिशत के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कक्षा 4 में प्रथम 100 प्रतिशत चांदनी सोनकर, द्वितीय टिंकल सोनकर 98 प्रतिशत एवं तृतीय आयुष चौहान 95.66 प्रतिशत रहो।

क्लास 6 से प्रथम पूर्वी कुंभकार 94.71 प्रतिशत, द्वितीय शारदा कुंभकार 89.14 प्रतिशत एवं तृतीय मोनिश भक्ता 85.85 प्रतिशत रहे। क्लास 7 से प्रथम स्थान पर पारुल देवांगन 97.57 प्रतिशत, द्वितीय शैलेष कुमार साहू 96.28 प्रतिशत एवं तृतीय रिंकी सोनी 95.14 प्रतिशत रहे। कक्षा नवमी में प्रथम दिशा गुरवाणी 95.14 प्रतिशत, द्वितीय लेखिका सिंहसार 88.57 प्रतिशत, तृतीय श्लोक राठी 87.85 प्रतिशत के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा दसवीं में मानसी सोनकर 80 प्रतिशत के साथ प्रथम, द्वितीय डेमेश्वरी निर्मलकर 74.83 प्रतिशत एवं तृतीय प्रिया सोनी 70.5 प्रतिशत रहे।

# परसवानी में विकास कार्यों का भूमिपूजन



**सिर्री।** ग्राम पंचायत परसवानी में विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। गांव के पूर्व माध्यमिक शाला में 11.84 लाख की लागत से भवन निर्माण किया जाएगा। जनपद सदस्य टेकराम साहू के प्रयास से जनपद निधि से परसवानी में 1 लाख की लागत से बजरंग चौक में चबूतरा निर्माण किया जाएगा । 15 वें वित्त की राशि से गौरा गौरी चौरा में पेवर ब्लॉक लगाया जाएगा। विकास कार्यों का भूमिपूजन मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत ने किया। विशेष अतिथि टेकराम साहू जनपद सदस्य, पन्नालाल चंद्राकर सरपंच ग्राम पंचायत परसवानी, वासुदेव साहू भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष, दयालुराम साहू ग्रामीण अध्यक्ष, राधेलाल ध्रुव उपसरपंच, कविता चंद्राकर पूर्व सरपंच, देवाराम साहू सचिव ग्राम पंचायत परसवानी, मिथलेश साहू रोजगार सहायक, पंचगण मुकेश साहू, नरोत्तम साहू, लक्ष्मीकांत साहू, लोकेश्वरी साहू, राधा यादव, भारती ध्रुव, यशोदा साहू, संतोषी साहू, द्रौपदी सेन सहित महेश यादव, गजाधर यादव, बुधराम ध्रुव, उमराव ध्रुव, भोला ध्रुव, रोशन साहू, गोविंद साहू, शत्रुहन साहू, चंदू ध्रुव, शंकर लाल, चेतन यादव, गजानंद साहू, ओम प्रकाश ध्रुव, योगेश यादव, नारायण यादव उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### छात्रा डॉली का किया सम्मान



**धमतरी।** वार्षिक परीक्षा 2025-26 में कक्षा 12 वीं की छात्रा डॉली देवांगन ने 93 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया। शिक्षक मयंक देवांगन, अमरनाथ गजपाल एवं चुनेश्वर साहू ने छात्रा के निवास हटकेशर वार्ड पहुंचकर उनका मुंह मीठा कराया। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### उपनेता प्रतिपक्ष ने किसानों संग खाया बोरे बासी



**धमतरी।** नगर निगम के उपनेता प्रतिपक्ष सत्येंद्र विशु देवांगन ने ग्राम कंडेल में मजदूरों और किसानों के सम्मान में उनके साथ बैठकर पारंपरिक बोर बासी का सेवन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि तपती धूप और भीषण गर्मी में जब पूरा जनजीवन प्रभावित होता है, तब हमारे मेहनतकश मज़दूर और किसान अपने पसीने से धरती को सींचते हैं। कठिन परिस्थितियों में भी उनका हौसला और मेहनत कभी कम नहीं होती। मौके पर जिला कांग्रेस महामंत्री कृष्ण कुमार मरकाम, पप्पू साहू, राहुल गजेंद्र, शशांक गजेंद्र सहित मजदूर साथी उपस्थित थे।

### टॉपर उपासना का ग्राम व्यवस्था समिति ने किया सम्मान



**सांकरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांकरा में अध्ययनरत कक्षा 12वीं की छात्रा उपासना साहू पिता धनराज साहू ने अपनी कड़ी मेहनत से 94.80 प्रतिशत हासिल कर नगरी ब्लाक में प्रथम एवं धमतरी जिले में पांचवां स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर ग्राम व्यवस्था समिति सांकरा के सदस्यों ने उपासना साहू के निवास स्थान पहुंचकर उनका मुंह मीठा कराया। मौके पर ग्राम व्यवस्था समिति के अध्यक्ष गिरवर भंडारी, उपाध्यक्ष पवन साहू, सचिव टिकेश साहू ,कोषाध्यक्ष छगन साहू, सदस्य जनकराम साहू, साधुराम साहू, बोधन राम साहू, सरपंच नागेंद्र बोरझा, धनराज साहू, खेमलता साहू, फुलेश्वरी साहू, वंदना साहू, प्रियांशी साहू उपस्थित थे।

### श्रम दिवस पर महिला मजदूरों को किया सम्मानित



**धमतरी।** अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस पर समाज के उत्थान एवं राष्ट्र के विकास में सशक्त भूमिका निभाने वाली माताओं एवं बहनों का योगेश फाउंडेशन के सदस्यों ने पैर धोकर, तिलक लगाकर, श्रीफल भेंट किया। उपहार भी दिया गया। फाउंडेशन की संचालिका व समाजसेविका अंकिता मिश्रा ने कहा कि विकास केवल योजनाओं तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि उसमें संवेदना और समानता भी झलकनी चाहिए। गांव और राष्ट्र के निर्माण में सबसे बड़ा योगदान मजदूर वर्ग का होता है लेकिन अक्सर उन्हें वह सम्मान नहीं मिल पाता जिसके वे हकदार हैं। इस दौरान हीराबाई राजपूत, शकुन यादव, सीता निषाद, पार्वती यादव, सरिता ध्रुवंशी को सम्मानित किया गया। मौके पर रमा दीवान, शशि दीवान, रत्नावली मिश्रा, सुरेखा राजपूत, कौशल मिश्रा, पवनगिरी गोस्वामी, भूपेंद्र मिश्रा, राजेश यादव, लखन सिन्हा, अशोक साहू उपस्थित थे।

### भगवान बुद्ध के विचार आज भी प्रासंगिक



**धमतरी।** बुद्ध पूर्णिमा पर भारतीय बौद्ध महासभा जिला शाखा धमतरी द्वारा भगवान गौतम बुद्ध की जयंती श्रद्धा, उत्साह और अनुशासन के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में बौद्ध समाज के उपासक-उपासिकाओं की भागीदारी रही और पूरे आयोजन में शांति एवं सद्भाव का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः बुद्ध वंदना एवं त्रिशरण पंचशील के पाठ के साथ हुई। लोगों ने भगवान बुद्ध को नमन करते हुए उनके बताए मार्ग सत्य, अहिंसा, करुणा, समता और मानवता को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में भगवान बुद्ध के विचारों को वर्तमान समय में प्रासंगिक बताते हुए कहा कि उनका धम्म समाज को एकता और शांति की दिशा प्रदान करता है। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पूरे कार्यक्रम में अनुशासन बनाए रखा और सामूहिक रूप से धार्मिक गतिविधियों में सहभागिता निभाई। बुद्ध वंदना के पश्चात खीर-पूड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों, महिलाओं और युवाओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही। इस दौरान लोगों ने भगवान बुद्ध के सिद्धांतों को अपनाने और समाज में समरसता बनाए रखने का संकल्प लिया।





HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### इलाज के दौरान युवक की मौत

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत थानापारा बांदे निवासी 22 वर्षीय रजक बढ़ई पिता रामेश्वर बढ़ई का इलाज के दौरान 1 मई को मौत हो गया। रायपुर के अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### महिला की मौत पर मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना बांदे अंतर्गत थानापारा बांदे निवासी 60 वर्षीय सावित्रि बाछड़ा पति कालीपद बाछड़ा का 21 अक्टूबर को मौत हो गया। थाना गोलबाजार रायपुर से बिना नंबरी मर्ग कायम कर असल नंबरी मर्ग कायम करने के लिए बांदे थाना पेश किया गया गया। थाना बांदे में असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### जैन मंदिर में आध्यात्मिक व बौद्धिक महोत्सव आज

**कांकेर।** श्री संघ कांकेर के पावन तत्वावधान में 3 मई रविवार को एक दिव्य आध्यात्मिक एवं बौद्धिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम श्रीमुनिसुव्रत जिनालय, राजापारा में प्रातः 8:30 बजे प्रारंभ होगा। परम पूज्य आचार्य विनय कुशल मुनि जी के मंगलमय सान्निध्य तथा उग्र तपस्वी विराग मुनि जी के मार्गदर्शन में उनके प्रतिभाशाली शिष्य बाल मुनि हंसभद्र जी द्वारा "शतावधानी" का अद्भुत प्रदर्शन किया जाएगा। यह आयोजन स्मरण शक्ति, ध्यान, धैर्य और चित्त की स्थिरता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

### पारिवारिक सुलह की बैठक बना रणक्षेत्र दोनों पक्षों के खिलाफ काउंटर केस दर्ज



**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत ग्राम लखनपुर स्थित पंचायत भवन के सामने पारिवारिक विवाद सुलझाने के लिए बुलाई गई एक बैठक उस समय रणक्षेत्र में तब्दील हो गई जब दो पक्ष आपस में भिड़ गए। इस हिंसक झड़प में महिला सहित दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए हैं, जिसके बाद पखांजूर थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों पर मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। पखांजुर थाना में ग्राम पीव्ही 41 निवासी बसंती विश्वास ने घटना की शिकायत करते हुए बताया कि अपनी भतीजी मनिका परामणिक और उसके पति विक्रम परामणिक के बीच चल रहे अनबन को खत्म कराने के लिए ग्राम पीव्ही 23 लखनपुर पहुँची थीं। मीटिंग के दौरान माहौल गरमा गया और उनके दामाद विक्रम परामणिक तथा देवर विशाल और विलाश परामणिक ने गाली-गलौज करते हुए उन पर हमला कर दिया। इस हमले में विलाश द्वारा हाथ में पहने कड़े से सिर और कलाई पर वार किया गया जिससे वे लहूलुहान हो गईं। वहीं दूसरे पक्ष से विलाश परामणिक ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में अलग कहानी बताई है। विलाश ने पुलिस को बताया कि बैठक के दौरान विपक्षी दल के शंकर मजूमदार, विकास मजूमदार और सूरज मजूमदार ने उनकी माँ के साथ बदसलूकी करते हुए उन्हें लात मारकर गिरा दिया।

# बनिया तालाब का पानी प्रदूषित, नहाने से हो रहा त्वचा रोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के पुराने और प्रमुख जल स्रोतों में शामिल बनिया तालाब इन दिनों बदहाली का शिकार हो गया है। तालाब में पानी तो लबालब भरा है, लेकिन गंदगी और देखरेख के अभाव के कारण यह निस्तारी के लायक नहीं रह गया है। आसपास के मोहल्लों के लोगों को नहाने, कपड़े धोने और दैनिक उपयोग के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि तालाब की पिछले कई दशकों से सफाई नहीं हुई है। पानी में कचरा, नाली का गंदा पानी और अन्य अपशिष्ट मिलने से स्थिति और खराब हो गई है। लोगों ने बताया कि तालाब में मुख्य रूप से बारिश का पानी ही नालियों के माध्यम से आता है, जो पूरे साल जमा रहता है। हैरानी की बात यह है कि तालाब कभी पूरी तरह सूखता नहीं, लेकिन नियमित सफाई और रखरखाव के अभाव में इसका पानी उपयोग योग्य नहीं रह गया है।

**पिछले कई दशक से नहीं हुई है तालाब की सफाई**

**शरीर में होती है खुजली**

मोहल्लेवासियों ने बताया कि तालाब के गंदे पानी से नहाने पर शरीर में खुजली और त्वचा संबंधी समस्याएं हो रही हैं। इसी कारण कई लोगों ने अब तालाब में नहाना बंद कर दिया है। कपड़े धोने पर भी कपड़े खराब हो रहे हैं, जिससे लोगों को अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ रही है।



**सफाई की मांग तेज**

वार्डवासी दिनेश कुमार मरकाम, महेश यादव, नितेश यादव और पंकज चौहान सहित अन्य लोगों ने बताया कि पिछले 50 वर्षों से तालाब की समुचित सफाई नहीं की गई है। उन्होंने प्रशासन से जल्द सफाई और सुधार कार्य कराने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### गर्मी में बढ़ी समस्या

गर्मी के मौसम में जल संकट और भी गंभीर हो जाता है। पीने के लिए किसी तरह पानी मिल जाता है, लेकिन नहाने और अन्य उपयोग के लिए पर्याप्त स्वच्छ पानी उपलब्ध नहीं हो पाता। ऐसे में लोग मजबूरी में गंदे पानी का इस्तेमाल करने को विवश हैं।

पहले 30 प्रतिशत लोग ही रिफिलिंग कराते थे, अब आंकड़ा बढ़कर 70 प्रतिशत तक पहुंचा

# गैस आपूर्ति बाधित, उज्ज्वला रिफिलिंग की बढ़ी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

खाड़ी देशों में युद्ध के बाद से घरेलू और व्यावसायिक एलपीजी गैस की आपूर्ति और बुकिंग व्यवस्था प्रभावित हो गई है। जिले में गैस सिलेंडर की उपलब्धता में कमी के कारण उपभोक्ताओं को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। इसका सीधा असर उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों पर पड़ा है, जहां पहले केवल 30 प्रतिशत लोग ही नियमित रिफिलिंग कराते थे, वहीं अब यह आंकड़ा बढ़कर 70 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

गैस एजेंसियों के बाहर इन दिनों लंबी कतारें देखी जा रही हैं। ग्रामीण क्षेत्र से महिलाएं छोटे बच्चों के साथ तेज गर्मी में गैस भरवाने के लिए पहुंच रही हैं। सरकार द्वारा उज्ज्वला योजना के तहत 45 दिनों में गैस आपूर्ति की समय-सीमा तय की गई है, लेकिन वर्तमान हालात में यह व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है। सामान्य घरेलू उपभोक्ताओं को भी 25 दिनों के भीतर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। जिले में करीब 1.3 लाख उज्ज्वला कनेक्शनधारी और लगभग 1.5 लाख सामान्य घरेलू गैस उपभोक्ता हैं। बढ़ती मांग और सीमित आपूर्ति के कारण एजेंसियों पर दबाव बढ़ गया है, जिससे प्रशासन भी चिंतित नजर आ रहा है।



**ग्रामीण क्षेत्र में डिलीवरी का वादा**

कुछ गैस एजेंसियों ने 20 अप्रैल से ग्रामीण इलाकों में भी होम डिलीवरी शुरू करने की घोषणा की है। हालांकि, फिलहाल यह सुविधा मुख्य रूप से शहरी क्षेत्रों तक ही सीमित है, जिससे ग्रामीण उपभोक्ताओं को अतिरिक्त परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**कालाबाजारी पर सख्ती, 200 सिलेंडर जब्त**

प्रशासन द्वारा गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। व्यावसायिक उपयोग में घरेलू सिलेंडरों के इस्तेमाल पर कार्रवाई करते हुए अब तक 200 से अधिक सिलेंडर जब्त किए जा चुके हैं। साथ ही नए गैस कनेक्शन पर अस्थायी रोक लगाई गई है और सिंगल कनेक्शन पर डबल सिलेंडर देने पर भी प्रतिबंध जारी है। ई-केवाईसी को अनिवार्य किया गया है, ताकि फर्जीवाड़े पर लगाम लगाई जा सके।

### ट्रक ने बाइक सवार को कुचला, मौत



**धमतरी।** नेशनल हाईवे से गुजर रहे बाइक सवार को ट्रक ने चपेट में ले लिया। इस घटना में बाइक सवार की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम बाइक क्रमांक सीजी 19 पीयू 3321 शहर से गुजरे नेशनल हाईवे से जा रही थी। इसी दौरान रत्नाबांधा चौक में तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीए 1684 के चालक ने बाइक सवार को चपेट में ले लिया। बताया गया है कि बाइक ट्रक के सामने घुस गई। वहीं ट्रक का पहिया चालक के उपर से गुजर गया। इस घटना में युवक बुरी तरह कुचल गया। युवक को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसकी मौत हो गई। मृतक का नाम छन्नू बताया जा रहा है। वह गुरुर क्षेत्र का रहने वाला है। हटकेशर में उसका ससुराल होना बताया जा रहा है। फिलहाल मृतक के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस को उसके परिजनों के आने का इंतजार है।



## बोराई से वायरल वीडियो प्रकरण में डीएसपी स्तर पर जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ वीडियो में आंशिक घटनाक्रम प्रदर्शित

सोशल मीडिया पर बोराई से वायरल वीडियो मामले में डीएसपी स्तर पर जांच के लिए आदेशित किया गया है। वहीं वायरल वीडियो में आंशिक घटनाक्रम प्रदर्शित किया जाना बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार बोराई से शुक्रवार को वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें बोराई थाना प्रभारी द्वारा एक व्यक्ति को थप्पड़ मारते हुए दिखाया गया। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए डीएसपी स्तर के राजपत्रित अधिकारी ने जांच के आदेश दिए हैं।

उक्त प्रकरण में प्रारंभिक तौर पर सामने आ रहा है कि जिले में अवैध तस्करी विशेष तौर पर गांजे के परिवहन को रोकने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर विभिन्न स्थानों पर नाका चेकिंग सक्रिय की गई है जिसके अंतर्गत बोराई थाना क्षेत्र में भी नाकेबंदी कर ओडिशा से आने वाले संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान संबंधित व्यक्ति के वाहन को नाके में चेकिंग के लिए पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन उक्त व्यक्ति ने वाहन न रोककर तेजी से आगे बढ़ा दिया जिस पर थाना प्रभारी द्वारा उक्त वाहन का पीछा किया गया। पीछा कर बोराई बाजार क्षेत्र में वाहन रुकवाने पर उक्त व्यक्ति द्वारा थाना प्रभारी को उकसाते हुए अमर्यादित शब्दों का प्रयोग कर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न किए जाने की बात प्रकाश में आ रही है। इसके साथ ही यह भी पाया गया कि व्यापारी द्वारा घटना का एक वीडियो वायरल किया गया जो खुद को कार्रवाई से बचाने के लिए किया जाना बताया जा रहा है। वीडियो का यह भाग घटना के एक हिस्से तक सीमित है। संपूर्ण घटनाक्रम प्रदर्शित नहीं करता। मामले की विस्तृत जांच जारी है। तथ्यों के आधार पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने भ्रामक व अधूरी जानकारी सोशल मीडिया पर प्रसारित करने से बचने की अपील की है।

### सिन्हा समाज भवन का महापौर ने किया भूमिपूजन



**धमतरी।** सिन्हा समाज के नवीन भवन का भूमिपूजन 1 मई को हुआ। भवन की कुल लागत 30 लाख रुपए है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगदीश रामू रोहरा महापौर थे। अध्यक्षता संतोष कुमार सिन्हा मंडलेश्वर कलार समाज धमतरी ने की। विशिष्ट अतिथि श्रीमती कौशल्या देवांगन सभापति, विजय मोटवानी एमआईसी प्रभारी, पार्षद संतोष सोनकर पार्षद, मेघराज ठाकुर, आशा लोधी, विभा चन्द्राकर व चंद्रहास सिन्हा जिला अध्यक्ष कलार समाज थे।

मौके पर समाज से संजूकामता सिन्हा प्रांतीय कोषाध्यक्ष, हितेश्वरी सिन्हा, प्रियंका सिन्हा, श्रीराम सिन्हा, हेमशंकर सिन्हा, नारायण सिन्हा, दयाराम सिन्हा, भुवन लाल सिन्हा, ज्ञानचंद सिन्हा, विकास सिन्हा, रामकिशुन सिन्हा, हरिनाथ सिन्हा समेत अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन यशवंत सिन्हा सचिव धमतरी मंडल कलार समाज ने किया।

## गुदगुदा हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुदगुदा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 12वीं में प्रथम धात्री पिता भूषण सोनकर 95.2 प्रतिशत, द्वितीय दीपमाला पिता नरेश साहू 89.8 प्रतिशत, तृतीय हिमांशी पिता प्रेमलाल साहू 87.4 प्रतिशत रहे। कक्षा 10 वीं में प्रथम गोमती पिता शैलेंद्र कुमार साहू 84 प्रतिशत, द्वितीय सूरज कुमार पिता रूपराम 81.33 प्रतिशत, तृतीय किरण पिता धनेश राम 80.33 प्रतिशत रहे। कक्षा 9वीं और 11 वीं के भी परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। कक्षा 9 वीं का परीक्षा परिणाम 66.07 प्रतिशत रहा। प्रथम भूमिका 90.67 प्रतिशत, द्वितीय हेमाक्षी 84.16 प्रतिशत, तृतीय मोनिका 79 प्रतिशत रही। कक्षा 11 वीं कला का परीक्षा परिणाम 96.55 प्रतिशत रहा, जिसमें प्रथम नूतन साहू 72 प्रतिशत, द्वितीय राधिका 70.04 प्रतिशत, मानसी साहू 69.2 प्रतिशत से उत्तीर्ण हुए। विज्ञान में परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। प्रथम सोनम 82 प्रतिशत, वेणुका 82 प्रतिशत, द्वितीय नेमिष 76.8 प्रतिशत, तृतीय ओजस्वी 76.4 प्रतिशत रहे। वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम शत- प्रतिशत रहा।

प्रथम ललित 67 प्रतिशत, पीयूष 62.4 प्रतिशत, तृतीय ताम्रज 62 प्रतिशत रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शकुंतला देवांगन सभापति जनपद पंचायत कुरूद ने बच्चों को अच्छी शिक्षा के टिप्स दिए। विशिष्ट अतिथि एवन कुमार साहू अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, भीम साहू अध्यक्ष माध्यमिक शाला गुदगुदा, रूपचंद देवांगन चारभाठा, धनेश्वरी साहू, टीआर सोनकर प्राचार्य, संजय साहू सरपंच प्रतिनिधि गुदगुदा, शिक्षकगण रमेश कुमार ध्रुव, शेखर चंद्र ठाकुर, दीनदयाल साहू, तरुण कुमार सिन्हा, होमलाल देवांगन समेत अन्य मौजूद रहे।

## विद्याकुंज किड्स का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विद्या कुंज किड्स में कक्षा पांचवीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यार्थियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से न केवल विद्यालय परिवार बल्कि पूरे समाज का नाम रोशन किया है। हिमांशी 99 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। उमन फातिमा 98.5 प्रतिशत द्वितीय, दिव्यांश बंगानी 97 प्रतिशत तृतीय, मीनल 96 प्रतिशत चतुर्थ, आदि लालवानी ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पंचम स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त मोक्ष सिन्हा ने 93 प्रतिशत एवं आयशा खान ने 90.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस अभूतपूर्व सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं श्रेष्ठ मार्गदर्शन से उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की है। शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती सुमन तिवारी, प्रधान अध्यापिका एवं शिक्षकगणों ने सभी सफल विद्यार्थियों को निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रहने की कामना की।

### शंकरदाह स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहतर

**धमतरी।** शंकरदाह स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 92.72 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं में शुभम सिन्हा पिता हेमंत सिन्हा 92 प्रतिशत के साथ प्रथम, कुमारी कुमकुम देवांगन पिता सोमन देवांगन 89.6 प्रतिशत द्वितीय, कुमारी माधुरी सोनकर पिता राम नरेश सोनकर 82.4 0 प्रतिशत तृतीय रहे। कक्षा दसवीं में कुमारी रितिका देवांगन पिता सोमन देवांगन 91 प्रतिशत के साथ प्रथम, कुमारी तनु सिन्हा पिता गोविंद सिन्हा 82.80 प्रतिशत के साथ द्वितीय, कुमारी डिंपल पिता नकुल बंजारे 75.80 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर शंकरदाह सरपंच रामी गौतम, बलियारा सरपंच चुम्मन बाई कंवर, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हेमंत साहू, सदस्य भानुप्रताप नेताम, अमृतलाल ध्रुव, सोमन देवांगन, माणिकलाल सिन्हा, संस्था के प्राचार्य टी वैद्य, वरिष्ठ व्याख्याता शोभा दुबे, हिमेश्वरी अंधारे, के लुनिया, एमशाह, आरके रखेचा, वर्षा तिवारी, नंदिनी साहू, प्रदीप सिन्हा, प्रतिमा देशमुख, एस गोस्वामी, पवन परिहा, एस. ध्रुव मौजूद थे।

### बेलरदोना में 35.75 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

**मगरलोड।** ग्राम पंचायत बेलरदोना में 35 लाख 75 हजार की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चौक पर हुआ। इस अवसर पर सीसी रोड निर्माण, नाली निर्माण, टिन शेड निर्माण एवं निर्मला घाट निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों का शुभारंभ किया गया। इन कार्यों के पूर्ण होने से ग्राम में आवागमन सुगम होगा। स्वच्छता व्यवस्था बेहतर होगी तथा मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होगा। कार्यक्रम में टीआर कंवर, वीरेन्द्र साहू, रोहित मोहन साहू, विजय यदु, हेमलता ध्रुव, मानिकराम, भाजपा मंडल महामंत्री मुरली सिन्हा, कोमल दीवान, जयप्रकाश साहू,टोपचंद साहू, नरेंद्र सिन्हा, टीकाराम साहू उपस्थित थे।

## सड़क निर्माण से चरोटा भेंडरा की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त



**धमतरी।** कुरमातराई से सिलौटी तक चल रहे सड़क निर्माण कार्य ने ग्राम पंचायत चरोटा भेंडरा सहित आसपास के गांवों में पेयजल संकट खड़ा कर दिया है। लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे इस निर्माण कार्य के दौरान सड़क के नीचे बिछी नल-जल पाइपलाइन भारी वाहनों और हाइवा गाड़ियों की आवाजाही से लगातार क्षतिग्रस्त हो रही है। स्थिति यह है कि पाइपलाइन की रोजाना मरम्मत के बावजूद पानी की आपूर्ति नियमित नहीं हो पा रही है, जिससे ग्रामीणों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्राम चरोटा के सरपंच बीएन पटेल ने बताया कि गांव में इन दिनों शादी-ब्याह का माहौल है, लेकिन पर्याप्त पानी नहीं मिलने से लोगों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। उन्होंने इस समस्या की शिकायत जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से शासन-प्रशासन से भी की है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है।

**ग्रामीणों को हो रही परेशानी**

सरपंच ने पाइपलाइन को नए स्तर पर बिछाने या सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग विभागीय अधिकारियों से की है। उनका कहना है कि यदि निर्माण कार्य इसी तरह जारी रहा, तो भविष्य में जल संकट और भी गहरा सकता है। समय रहते समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ने की आशंका है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
11 मई,25 मई, 06 जून, 15 जून, 05 सितम्बर, 10 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22अक्टूबर, 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020



गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और
कमाएं
₹ 12,000 प्रति माह
योग्यता- 12वीं से स्नातक
मात्र 8 घंटे का आसान काम
और फिर आराम ही आराम
ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।
स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
ब्यूरो कार्यालय : बठेना हॉस्पिटल के सामने, धमतरी
मो. 9826114710, 9098324969